26/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

भारतीय तटरक्षक बल-आईसीजी का विशेष प्रदूषण नियंत्रक जहाज, **समुद्र पहरेदार** आसियान देशों में विदेशी तैनाती के लिए फिलीपींस में मनीला की खाडी पहुंच चुका है। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री प्रदूषण की रोकथाम करने की क्षमतओं का प्रदर्शन करना और आसियान क्षेत्र में समुद्री प्रदूषण के प्रति चिंता व्यक्त करना। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह जहाज विशेष प्रदूषण नियंत्रक उपकरणों और चेतक हेलीकॉप्टर से लेस है। पिछले वर्ष, आईसीजी के विशेष जहाजों कंबोडिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैण्ड और इंडोनेशिया का दौरा किया था। 0000000000000000000000

मौसम विभाग के अनुसार आज अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश की संभावना है। नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के हिमालय से लगे क्षेत्र और गंगा के मैदानी इलाकों में आज हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इधर अरुणाचल प्रदेश मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह के आठ बजकर तीस मिनट पर चौवन दशमलव एक मिलीमिटर बारिश दर्ज किया गया। 0000000000000000000000

ईटानगर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री और अरुणाचल वेस्ट संसदीय क्षेत्र से सांसद किरेन रिजिजू ने कहा कि आगामी संसदीय चुनाव के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री नाबाम तुकी एक राजनेता के रूप में काफी काम कर चुके है

और अब श्री तुकी को उन्हें अपना आशीर्वाद देना चाहिए, क्योंकि वह अरुणाचल वेस्ट संसदीय क्षेत्र के लिए बेहतर कर सकते है। श्री रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के चकमा-हाजोंग मुद्दे पर भी बात की और कहा कि चकमा और हाजोंग को अरुणाचल प्रदेश की नागरिकता नहीं मिलेगी, उन्हें स्वयं राज्य छोड़ने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सीएए के प्रावधानों के तहत बांग्लादेश और पाकिस्तान के सभी प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक जो 2014 से पहले भारत आए थे, वे भारतीय नागरिकता पाने के पात्र हैं, लेकिन चकमा-हाजोंग के संदर्भ में वे एक निवासी के रूप में भारत की नागरिकता पाने के हकदार नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चकमा-हाजोंग को राज्य से निर्वासित तब किया जाएगा जब उन्हें स्थानांतरित करने के लिए उपयुक्त स्थान को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री और अरुणाचल वेस्ट संसदीय क्षेत्र से सांसद किरेन रिजिजू ने आज भाजपा पार्टी से आलो में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने भी आज आलो में अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा के तीन विधायक उम्मीदवार, न्यामार करबाक, केंतो जिनी और तोपिन एते ने भी आज आलो में क्रमशः लिरोमोबा, आलो ईस्ट और आलो वेस्ट विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

0000000000000000000000

सेप्पा (ईस्ट) विधायक तापुक ताकू ने एनपीपी से इस्तीफा दे दिया और आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गए, ईटानगर के सिटी होटल सम्मेलन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय मंत्री रिजिजू, राज्य के गृह मंत्री बामांग फेलिक्स, तागे ताकी, विधायक-बामेंग गोरुक पोर्दुंग और पार्टी के अन्य सदस्य शामिल हुए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने तापुक ताकू का भाजपा में स्वागत किया। श्री खांडू ने भारतीय जनता पार्टी में विश्वास के लिए विधायक तापुक ताकू का आभार जताया और सेप्पा के बेहतर विकास के लिए उनके पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया। श्री खांडू ने लोगों के व्यापक हित और 10वें सेप्पा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए, लिए गए उनके फैसले की भी सराहना की। दो बार विधायक रहे तापुक ताकू ने 2019 में सेप्पा ईस्ट विधानसभा क्षेत्र से केवल 29 वोटों से जीत हासिल की।

00000000000000000000000

पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल के अध्यक्ष काहफा बेंगिया ने कुरुंग कुमे जिले के 21 कोलोरियांग (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खुद को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। पूर्व मंत्री काहफा बेंगिया के बुधवार को कोलोरियांग में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने की संभावना है।

00000000000000000000000

तटरक्षक बलों ने कल गुजरात में पोरबंदर से लगभग 50 किलोमीटर समुद्र में डूब रही मछली पकडने वाली नौका से सभी पांच मछुआरों को बचा लिया। तटरक्षक बलों ने आपात संकेत मिलने पर यह कार्रवाई की। इस नौका में लगभग 75 प्रतिशत पानी भर गया था। मछुआरों को चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराई गई।

0000000000000000000000

असम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज डिब्रूगढ़ सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के दौरान एनडीए के कई वरिष्ठ नेता उनके साथ थे। लखीमपुर के सांसद प्रधान बरुआ ने भी इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी उनके साथ थे। कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई ने आज जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया।

0000000000000000000000